**Tender for Outsourcing of Centralized Call Centre and Operation and Management of Fleet of Ambulances & Mortuary Vans in Bihar हेतु तकनीकी निविदा समिति के बैठक की कार्यवाही**

उपस्थितिः यथा संलग्न।

कार्यवाहीः—

Outsourcing of Centralized Call Centre and Operation and Management of Fleet of Ambulances& Mortuary Vans in Bihar के लिए प्राप्त 04 (चार) तकनीकी निविदा के लिए तैयार किये गये तुलनात्मक तकनीकी प्रतिवेदन पर दिनांक 26.08.2016 को अपराह्न 04.00 बजे डॉ० आर० डी० रंजन, निदेशक प्रमुख (नर्सिंग) स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना की अध्यक्षता में तकनीकी निविदा समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से तैयार तुलनात्मक प्रतिवेदन का तकनीकी मूल्यांकन किया गया एवं अभियुक्ति दर्ज करते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के वेबसाईट पर अपलोड कर आपत्ति प्राप्त किये जाने का निर्णय लिया गया। तद् के आलोक में तैयार किये गये तुलनात्मक तकनीकी मूल्यांकन प्रतिवेदन को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के वेबसाईट पर दिनांक 30.08.2016 को अपलोड कर संबद्ध पक्षों से आपत्ति आमंत्रित की गई।

2. आपत्ति आमंत्रण के आलोक में दो निविदादाताओं यथा Topsline Life Response Services Pvt. Ltd., New Delhi एवं Hyper Sascom Ltd., Patna द्वारा अपना पक्ष समर्पित किया गया। Topsline Life Response Services Pvt. Ltd., New Delhi द्वारा दिनांक 31.08.2016 एवं Hyper Sascom Ltd., Patna द्वारा दिनांक 01.09.2016 को ई–मेल एवं दिनांक 05.09.2016 को वितरण शाखा, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के माध्यम से कतिपय् कागजात प्रस्तुत किये गये।

3. उपर्युक्त के आलोक में प्राप्त कागजातों एवं निविदा में प्राप्त कागजातों के अवलोकन के पश्चात् सभी निविदादाताओं की स्थिति निम्नवत् हैः—

**(A) Topsline Life Response Services Pvt. Ltd., New Delhi** द्वारा समपिर्त कागजातों में निम्न कमियाँ पायी गईः—

(i) निविदा Topsline Life Response Services Pvt. Ltd. के नाम से समर्पित की गई है जबकि समर्पित Audit report Tops Security Ltd. के नाम से है।

(ii) निविदादाता द्वारा Form 'C' में 30 life brigades ambulance (4 wheelers) एवं 30 life petrols (motor cycle ambulances) संचालित करने का प्रमाण पत्र दिया गया है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा संचालित कॉल सेन्टर कितने सीट का है इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

(iii) विदित हो कि निविदा में प्रकाशित शर्त के अनुसार 100 BLSA या 40 ALSA संचालित करने का अनुभव आवश्यक है एवं 20 सीटर केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर का संचालन भी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2013-14, 2014-15 एवं 2015-16 का Audit report निविदा देने वाली कम्पनी के नाम से होना चाहिए था।

उपरोक्त के आलोक में तकनीकी निविदा समिति ने सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया कि Topsline Life Response Services Pvt. Ltd., New Delhi न्यूनतम तकनीकी योग्यता धारित नहीं करती है। इसलिए इसे NIT की धारा 4.1 (a) एवं (b) के आलोक में आयोग्य घोषित किया जाता है।

(B) **GVK EMRI, Secunderabad** द्वारा देश के 14 राज्यों में लगभग 6092 एम्बुलेन्स एवं 664 सीटर कॉल सेन्टर संचालित करने का प्रमाण–पत्र, MoU एवं एकरारनामा के साथ जमा किया गया है। इसके अतिरिक्त निविदादाता द्वारा निविदा में वर्णित शर्त्त के अनुरूप बैंक ड्राफ्ट, बैंक गारण्टी, ITR, Audit report एवं अन्य आवश्यक कागजात जमा किये गये हैं।

उपरोक्त के आलोक में तकनीकी निविदा समिति ने सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया कि GVK EMRI, Secunderabad न्यूनतम सभी तकनीकी योग्यताएँ धारित करती है। इसलिए इसे NIT की धारा 4.1 (a), (b) एवं (c) के आलोक में योग्य घोषित किया जाता है।

(C) **Consortium of Pashupatinath Distributors Pvt. Ltd. & Sammaan Foundation** द्वारा बिहार के सभी 38 जिलों एवं 06 चिकित्सा महाविद्यालय अस्पतालों में 44 ALS एम्बुलेन्स एवं 50 शव वाहन, 20 सीटर केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर टॉल फ्री 1099 के अन्तर्गत संचालित करने का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया गया है। इससे संबंधित MoU एवं एकरारनामा साथ में जमा किया गया है। इसके अतिरिक्त निविदादाता द्वारा निविदा में वर्णित शर्त्त के अनुरूप बैंक ड्राफ्ट, बैंक गारण्टी, ITR, Audit report एवं अन्य आवश्यक कागजात जमा किये गये हैं।

उपरोक्त के आलोक में तकनीकी निविदा समिति ने सम्यक विचारोपरांत यह निर्णय लिया कि Consortium of Pashupatinath Distributors Pvt. Ltd. & Sammaan Foundation न्यूनतम सभी तकनीकी योग्यताएँ धारित करती है। इसलिए इसे NIT के कंडिका 4.1 (a), (b) एवं (c) के आलोक में योग्य घोषित किया जाता है।

(D) **Hyper Sascom Ltd., Patna द्वारा निम्न कागजात समर्पित किये गये हैं:–**

(i) निविदादाता Hyper Sascom Ltd., Patna द्वारा Narayan Medical College & Hospital, Jamuhar, Rohtas के 14 एम्बुलेन्स, सर गंगा राम के 30 बेसिक लाईफ सपोर्ट एम्बुलेन्स एवं 08 एडवांस लाईफ सपोर्ट एम्बुलेन्स चलाने का दावा किया गया है। NMCH के कार्यानुभव को सम्पुष्ट करने हेतु MoU की प्रति संलग्न की गई है तथा गंगा राम के कार्य अनुभव को प्रमाणित करने हेतु anandsinha@sgrh.com, Transport Manager, सर गंगा राम अस्पताल के ई–मेल जो कि shyam@hypersascom.com को भेजा गया है, का screenshot का प्रिंट आउट समर्पित किया गया।

5/9/16   5/9/16   5/9   5/9/16   5/9/16

है। इसके अतिरिक्त Hyper Sascom द्वारा 400 सीट कॉल सेन्टर स्थापित किये जाने से संबंधित Tata Consultancy Service का अनुबंध पत्र की प्रति समर्पित किया गया है।

(ii) उक्त कागजातों के अतिरिक्त Form 'C' में निविदादाता द्वारा इस आशय का एक affidavit समर्पित किया गया है कि वे 128 BLSA, 8 ALSA जो कि एक 30 सीटर केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के द्वारा नियंत्रित है, का संचालन दिल्ली में किया जा रहा है।

(iii) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत Narayan Medical College & Hospital, Rohtas के अनुबंध पत्र की प्रति के अनुसार 31 मई 2013 को आनन्द सिन्हा, ट्रांसपोर्ट मैनेजर तथा Hyper Sascom के बीच दो वर्षों के लिए एम्बुलेन्स संचालन का अनुबंध किया गया है। इसके कार्य समापन प्रमाणपत्र (work completion certificate) में अनुबंध की तिथि 31.05.2016 अंकित की गई है तथा प्रमाणपत्र 05.02.2016 को निर्गत है। दोनों अंकित तिथियों से प्रस्तुत प्रमाणपत्र की प्रमाणिकता संदेहास्पद हो जाती है क्योंकि अनुबंध अनुरूप 30.05.2016 को दो वर्ष पूर्ण होता है जबकि Work Completion Certificate 05.02.2016 को ही निर्गत है तथा इस प्रमाणपत्र में अनुबंध की तिथि गलत अंकित है।

(iv) निविदादाता द्वारा सर गंगा राम अस्पताल के कार्य अनुभव के लिए प्रस्तुत दस्तावेज प्रकाशित निविदा के कंडिका 4.1 (b) एवं Form 'C' में अंकित निर्देशानुरूप नहीं है। अतः समिति द्वारा इसे मान्य नहीं किये जाने का निर्णय लिया गया।

(v) निविदादाता द्वारा अपने कार्यनुभव प्रमाणित करने के दृष्टिकोण से 400 सीटर कॉल सेन्टर संचालित करने से संबंधित Tata Consultancy Services के साथ Hyper Sascom का अनुबंध प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत अनुबंध में Tata Consultancy Service को आगे से 'HCL' के रूप मे अंकित किया गया है जो कि प्रस्तुत कागजात की प्रमाणिकता को संदेहास्पद बनाता है। यह अनुबंध Air India Express हेतु एयरलाईन्स कॉल सेन्टर स्थापित करने से संबंधित अनुबंध है जो कि प्रकाशित निविदा के कंडिका 4.1 (b) के अनुरूप नहीं है। यह 15 डेस्क का एयरलाईन्स रिर्जवेशन से संबंधित कॉल सेंटर है, जबकि प्रकाशित निविदा शर्त के अनुसार एम्बुलेंस संचालन हेतु 20 सीटर कॉल सेंटर की अनिवार्यता है। अतः निविदा समिति द्वारा इस अनुभव को निविदा शर्त के अनुरूप नहीं होने के कारण मान्य नहीं करने का निर्णय लिया गया। निविदादाता द्वारा इस कार्य को पूर्ण किये जाने के प्रमाण स्वरूप Pankaj Kumar, Project Manager, Tata Consultancy Service. e-mail pankaj@tcs.com का ई–मेल का screenshot का प्रिन्ट समर्पित किया गया है। यह भी प्रमाणिक प्रतीत नहीं होता है।

(vi) निविदादाता द्वारा प्रस्तुत affidavit के तथ्य को प्रमाणित करनें हेतु किसी तरह का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया है जो कि निविदा में अंकित कंडिका 4.1 (b) एवं Form 'C' में अंकित प्रावधानुसार नहीं है। वर्णित स्थिति में समिति के सदस्यों द्वारा इसे मान्य नहीं करने का निर्णय लिया गया।

5/9/16 5/9/16 5/9 5/9/16 5/9/16

(vii) Hyper Sascom द्वारा प्रस्तुत कागजातों के अवलोकन से स्पष्ट है कि इनके द्वारा 40 ALSA या 100 BLSA संचालित करने से संबंधित MoU तथा अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः निविदा की कंडिका 4.1 (b) में विहित योग्यता धारित न करने के कारण Hyper Sascom को अयोग्य घोषित किया जाता है। जहाँ तक Hyper Sascom द्वारा प्रस्तुत संदेहास्पद कागजात एवं कार्यानुभव प्रमाणपत्र की प्रमाणिकता का प्रश्न है, इस पर राज्य स्वास्थ्य समिति से अग्रतर कार्रवाई अपेक्षित है। तत् के आलोक में निविदा समिति राज्य स्वास्थ्य समिति को विधि अनुकूल कार्रवाई करने हेतु अनुशंसा करती है।

4. उपर्युक्त अंकित तथ्यों के आलोक में तकनीकी निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से Topsline Life Response Services Pvt. Ltd., New Delhi को निविदा शर्त की कंडिका 4. 1 (a), (b) एवं Hyper Sascom, Patna को निविदा शर्त की कंडिका 4.1 (b) के आलोक में न्यूनतम योग्यता धारित नहीं करने के कारण तकनीकी रूप से अयोग्य घोषित किया जाता है।

5. तकनीकी निविदा समिति द्वारा GVK Emergency Management and Research Institute, Secunderabad एवं Consortium of Pashupatinath Distributors Pvt. Ltd. & Sammaan Foundation, Patna को निविदा शर्त की कंडिका 4. 1 (a), (b), (c) में निहित न्यूनतम तकनीकी योग्यता धारित करने के कारण तकनीकी रूप से योग्य घोषित किया जाता है।

6. अतः उपरोक्त के आलोक में तकनीकी निविदा समिति द्वारा तकनीकी रूप से योग्य निविदादाता GVK Emergency Management and Research Institute, Secunderabad एवं Consortium of Pashupatinath Distributors Pvt. Ltd. & Sammaan Foundation, Patna की वित्तीय निविदा को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के परियोजना आकलन समिति (Project Appraisal Committee) के समक्ष खोलने की सर्वसम्मति से अनुशंसा की जाती है।

धन्यवाद् ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

5/9/16
**उप–निदेशक,**
मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य,
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

05/9/16
**वित्त प्रबंधक**
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

5/9/16
**वरीय उपसमाहर्त्ता**
**–सह–प्रभारी रेफरल ट्रांसपोर्ट**
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

**प्रशासी पदाधिकारी**
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

5/9/16
**निदेशक प्रमुख (नर्सिंग),**
स्वास्थ्य सेवाएँ,
बिहार सरकार